**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन नैनीताल 27 मई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल अनामिका ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से जनपद में विकास कार्यों की जानकारी के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए किए जा रहे विभागीय प्रयासों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए इन समूहों को प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल ने जिले में पंजीकृत होम स्टे इकाइयों की जानकारी लेते हुए उनकी संख्या में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय सहभागिता को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक होम स्टे पंजीकृत किए जाने चाहिए।

इस दौरान राज्यपाल ने डीएफओ, नैनीताल चंद्रशेखर जोशी से वन विभाग की गतिविधियों, विशेषकर वनाग्नि की घटनाओं और उन्हें रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग द्वारा नैनीताल जनपद में पीरूल प्रबंधन से वनाग्नि की रोकथाम हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में एक प्रभावी और दीर्घकालिक कार्ययोजना की जरूरत बताई।

...............0..............